दिनांक : 02.04.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- ऽ लोकसभा में आज पेश होगा, वक्फ संशोधन विधेयक।
- ऽ देश की एतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव हैं स्थापना दिवस, कहा-राज्यपाल ने।
- ऽ निवेशकों में विश्वास का माहौल, विकास की नई उड़ान पर मध्यप्रदेश।
- ऽ पर्यटन विकास में पर्यावरण का ध्यान रखना जरूरी।

वक्फ-रिजिजू

वक़्फ़ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सदन में विधेयक पर चर्चा के लिए 8 घंटे रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि ज़रूरी होने पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। श्री रिजिजू ने यह भी कहा कि सरकार खुली बहस और विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कानून का विरोध कर रहे हैं।

बाइट- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दलों- जेडीयू और तेलुगू देशम पार्टी ने भी ने अपने सभी सांसदों को लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

कांग्रेस ने भी अपने सभी सांसदों से लोकसभा में उपस्थित रहने को कहा है।

प्रधानमंत्री-रक्षा विनिर्माण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा की सराहना की है। सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक पोस्ट के जवाब में श्री मोदी ने कहा कि वास्तव में यह, रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की भारत की यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

स्थापना दिवस-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों के स्थापना दिवस देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवसों के संयुक्त समारोह में राज्यों के मूल निवासी मध्यप्रदेश में निवासरत नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्यों का स्थापना दिवस हमारे देश की मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस है। इसे अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। समारोह में बिहार, राजस्थान और ओडिशा के राज्यों की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।

बैठक-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं। मुख्यमंत्रीकल मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की पांचवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बनासकांठा हादसा

गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में बायलर फटने से देवास जिले के 10 मजदूरों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रूपए और घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को समन्वय के लिए दुर्घटना स्थल पर (बनासकांठा) भेजा है। सरकार उनकी हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। पीड़ितों को हर जरूरी मदद मुहैया कराई जाएगी।

निवेश सब्सिडी वितरण समारोह-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेटिव देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से भोपाल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ...

बाइट-मुख्यमंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस और आरआईसी के सफल आयोजन के बाद अब प्रदेशभर में जिला स्तर पर सेक्टर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की जा रही है। ऐसी पहली आईटी सेक्टर की कॉन्क्लेव आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित की जाएगी।

दुग्ध उत्पादन/समीक्षा बैठक-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं। इस काम के लिए गांव-गांव में उपलब्ध दुग्ध उत्पादक समितियों और दुग्ध उत्पादकों संघों को भी जोड़कर उन्हें प्रोत्साहन दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल में 13 अप्रैल को नीमच में होने वाले सम्मेलन की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आगामी 13 अप्रैल को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

राज्यसभा त्रिभुवन विधेयक

संसद ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक-2025 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल इसे मंजूरी दे दी। लोकसभा पहले ही विधेयक पारित कर चुकी है। विधेयक में ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद को एक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रावधान है। इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाएगा और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया जाएगा।

नवीकरणीय ऊर्जा-प्रहलाद जोशी

देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने पिछले वित्त वर्ष में मार्च के अंत तक 25 गीगावाट की रिकार्ड ऊर्जा क्षमता हासिल की है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कल नई दिल्ली में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा में सौर ऊर्जा की भागीदारी पिछले वित्त वर्ष में 15 गीगावाट से बढ़कर लगभग 21 गीगावाट हो गई। श्री जोशी ने कहा कि परिवहन क्षेत्र और घरों को कार्बन मुक्त करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के चलते प्रदेष के 40 से ज्यादा जिलों में कहीं-कहीं बारिश, ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई है।

ऽ झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नलकूपों रिचार्ज हेतु 1 हजार 612 रिचार्ज पीट के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है।

- आगरमालवा जिला पंचायत सीईओ ने कल  जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये 37 आवेदनों विभागों को निराकरण के निर्देश दिए।
- खण्डवा जिले   में    पीएम श्री कन्या मा. विद्यालय जीमखाना ग्राउंड में  कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कल “पुस्तक मेले का शुभारंभ किया।
- शिवपुरी जिले में 07 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया।

-------